# सामाजिक अध्ययन

## उद्‌देष्य

- प्रशिक्षुओं में सामाजिक विज्ञान की विषयवस्तु की संज्ञानात्मक समझ विकसित करना एवं विषयवस्तु की समीक्षा एवं समालोचना करने में सक्षम बनाना।
- प्रासंगिक स्थानीय स्मारकों/संग्रहालयों/पर्यटन स्थल आदि को, विषयवस्तु को सीखने–सिखाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनाना।
- सामाजिक अध्ययन में शिक्षण की विधाओं, संचार माध्यमों का प्रयोग एवं मूल्यांकन की विधियों से परिचित होकर कक्षा–शिक्षण में उनके उपयोग हेतु सक्षम बनाना।
- प्रशिक्षु को दैनिक जीवन की गतिविधियों, घटनाओं के माध्यम से सामाजिक अध्ययन की विषयवस्तु को प्रस्तुत करने में सक्षम बनाना।
- सामाजिक अध्ययन की विषयवस्तु को चार्ट/मानचित्र/सूचना एवं संचार प्रौधोगिकी (आई0सी0टी0) के माध्यम से रूचिकर तरीके से प्रस्तुत करने में प्रशिक्षित करना।
- प्रशिक्षु से विषयवस्तु से सम्बन्धित सामग्रियाँ/मॉडल तैयार कराना।
- प्रशिक्षु को विभिन्न एजुकेशनल सॉफ्टवेयर/गेम/प्रयोगों के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने में प्रशिक्षित करना।
- प्रशिक्षु को सामाजिक अध्ययन की विभिन्न विषयवस्तुओं के सतत् मूल्यांकन प्रक्रिया में प्रशिक्षित करना।
- सामाजिक अध्ययन के विषयवस्तु को शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षण विधियों जैसे अभिनय, समूह–चर्चा, पैनल–चर्चा, वाद–विवाद, समस्या समाधान, भ्रमण, प्रोजेक्ट विधि आदि के उपयोग हेतु सक्षम बनाना।

## प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई0सी0टी0 के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

सामान्य विषय–1

# सामाजिक अध्ययन

## कक्षा–शिक्षणः विषयवस्तु

- इतिहास का अर्थ, महत्व एवं जानने के स्रोत, पुरातात्विक मुद्रा एवं अभिलेख, साहित्यिक विवरण, विदेशी यात्रियों का विवरण, तिथि निर्धारण पद्धतियाँ।
- पृथ्वी पर मानव की उत्पत्ति एवं विकास–पाषाण या प्रस्तर काल, ताम्र एवं कांस्य युग, लौह युग।
- नदी घाटी की सभ्यताएं–सिंधु घाटी की सभ्यता, मेसोपोटैमिया की सभ्यता, मिस्र की सभ्यता, चीन की सभ्यता।
- वैदिक काल–पूर्व एवं उत्तर वैदिक काल।
- महाजनपद काल–भारत के प्रारंभिक षोडश महाजनपदों का उल्लेख, मगध का साम्राज्य, सिकंदर का आक्रमण व उसका भारत पर प्रभाव।
- उपनिषद्काल–जैन व बौद्ध धर्म।
- सौरमण्डल–ग्रह, उपग्रह, क्षुद्रग्रह, आकाशगंगा, उल्कापिंड।
- मानचित्र अर्थ एवं दिशाओं का ज्ञान, मानचित्रण।
- अक्षांश एवं देशान्तर रेखाएं–क्या, कितनी और क्यों, GMT, IST, International Date Line, Time Zones, Prime Meridian.
- पृथ्वी ताप कटिबन्ध, गोलार्ध एवं ध्रुव।
  - पृथ्वी की गतियां–परिभ्रमण, परिक्रमण–क्या, क्यों, कैसे एवं इसका परिणाम।
  - महाद्वीप, महासागर।
  - एशिया महाद्वीप में भारत–स्थिति एवं विस्तार, पड़ोसी देश, धरातल, जलवायु, वनस्पति एवं वन्यजीव।
  - खगोलीय संगठन–NASA & ISRO आदि।
  - ग्रामीण एवं नगरीय जीवन शैली।
  - ग्रामीण जीवन–पंचायती राज व्यवस्था–ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत का गठन एवं मुख्य कार्य।
  - नगरीय जीवन–नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, नगर निगम का गठन एवं मुख्य कार्य
  - जनपद स्तरीय प्रशासन–कानून व्यवस्था, भूमि व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं का विकास–शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था।
- यातायात एवं सुरक्षा
  - सड़क यातायात के नियमों एवं संकेतों की जानकारी।
  - सड़क दुर्घटना के बचाव हेतु सावधानियां।
  - रेल यातायात–रेलवे क्रासिंग के संकेतों की जानकारी।

- रेलयात्रा करते समय सावधानियां।
- यातायात संकेतों की जानकारी।

- अर्थशास्त्र एक परिचय–अर्थशास्त्र का अभ्युदय, विभिन्न अर्थशास्त्रियों के दृष्टिकोण में अर्थशास्त्र, प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों का अर्थशास्त्र में योगदान–एडम स्मिथ, एल्फ्रेड, मार्शल रॉबिन्स, जे0के0 मेहता, अमर्त्य सेन आदि।
- राष्ट्रीय आय, प्रति व्यक्ति आय, सकल घरेलू उत्पाद (GDP), शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP), सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP), शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP), वैयक्तिक आय (Personal Imcome), व्यय योग्य आय (Disposable Income), राष्ट्रीय आय व आर्थिक विकास।

**प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडलः प्रशिक्षु शिक्षकों को सामाजिक अध्ययन के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video clip, Audio clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं।**

- भारत में प्रारम्भिक मानव के प्रमुख स्थलों, प्रमुख नदियों, प्रमुख प्राचीन विश्वविद्यालयों, प्रमुख विदेशी मुद्राओं, वेशभूषाओं, राजधानियों, भाषाओं को मानचित्र/मॉडल/चार्ट/सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित करें।
- मानचित्र पर बौद्ध धर्म, जैन धर्म, इस्लाम धर्म के प्रसार को मानचित्र/मॉडल के माध्यम से दर्शायें।
- अक्षांश एवं देशांतर रेखाओं को स्पष्ट करने के लिए मॉडल/सामग्री/आई0सी0टी0 पर आधारित शिक्षण–सामग्री तैयार करें।
- विश्व के मानचित्र में प्रमुख शहरों के अक्षांश एंव देशांतर अंकित करें।
- भारत के पड़ोसी देशों एवं सीमाओं, नदियों की सीमाओं, ताप कटिबंध की सीमाओं मॉडल/सामग्री/आई0सी0टी0 पर आधारित शिक्षण–सामग्री तैयार करें।
- यातायात के साधनों, यातायात सुरक्षा पर मॉडल/सामग्री/आई0सी0टी0 पर आधारित शिक्षण–सामग्री तैयार करें।
- घरेलू आय–व्यय, भारत के राष्ट्रीय आय–व्यय आदि पर मॉडल/सामग्री/सारिणी/ आई0सी0टी0 पर आधारित शिक्षण–सामग्री तैयार करें।
- प्राचीन भारतीय इतिहासकारों, अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों, संग्रहालयों, स्मारकों का फोटो एलबम तैयार करें।
- अपने शहर के किसी संग्रहालय का भ्रमण कर किन्हीं दस वस्तुओं पर एक रिर्पोट लिखिए, जिसमें उल्लेख कीजिए कि वे कितनी पुरानी है, वे कहाँ मिली थी।
- परिक्रमण, परिभ्रमण, सौर मण्डल एवं सौरमण्डल की गतिविधियों पर प्रोजेक्ट/मॉडल/ सामग्री/आई0सी0टी0 पर आधारित शिक्षण–सामग्री तैयार करें।
- पिछले 10 वर्षों में भारत की राष्ट्रीय आय व प्रतिव्यक्ति आय की तालिका बनाकर दर्शाइये।